SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
NOTES-6(TERM-1)
Subject: हिंदी

Grade - 4

Prepared by: Vrushali kokane

LESSON-6 **नीरा आर्य**

व्याकरण- लिंग, वचन

प्रश्न १) शब्दार्थ मधुश्री पाठ्यपुस्तक से नोटबुक मे लिखिए ।

प्रश्न २) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ।

क) मिसाल- उदाहरण

वाक्य- लोग राम और शाम के दोस्ती की मिसाल देते है।

ख)जुर्म -अपराध

वाक्य- नीरा को पति के हत्या के जुर्म में सजा हुई।

प्रश्न ३) खाली स्थान भरिए ।

१) कोलकाता **व्यापार** का मुख्य केंद्र था।

२) नीरा को **कैप्टन** पद से अलंकृत किया।

3) नीरा आर्य के पति ब्रिटिश भारत में **सी.आई.डी. इंस्पेक्टर** थे।

प्रश्न ४) लघु उत्तरीय प्रश्न:

1. नीरा को वीरता की मिसाल क्यों कहा गया है?
उत्तर- नीरा आर्य को वीरता की मिसाल इसलिए कहा गया है क्योंकि वे पहली महिला जासूस थीं जिन्होंने अपने देश की रक्षा करने के लिए अपने पति की भी जान ले ली थी।

2. दुर्गा को कैसे छुड़वाया गया?
उत्तर- नीरा और राजमणि पुरुष नर्तक के भेष में फ़ौजी छावनी में घुस गई और अंग्रेज सिपाहियों को नशीली दवा पिलाकर दुर्गा को छुड़ा लाई।

प्रश्न ५) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न:

1. राजमणि उम्र भर क्यों लंगड़ाकर चलती रही?
उत्तर- दुर्गा को छुड़ाते वक्त राजमणि के पैर में गोली लग गई थी, जिस कारण राजमणि को उम्र भर लंगड़ाकर चलना पड़ा।

2. नीरा आर्य ने अपने पति की हत्या क्यों की?
उत्तर- नीरा आर्य के पति को सुभाषचंद्र बोस की हत्या करने का हुक्म मिला था। सुभाषचंद्र बोस को बचाने और अपने देश को आजाद कराने के लिए नीरा को अपने पति की हत्या करनी पड़ी।

3. नीरा जासूसी कैसे करती थी?
उत्तर- नीरा पुरुष के भेष में अंग्रेजी अफसरों के यहाँ काम करती थी और वहाँ से मिली जानकारी सुभाषचंद्र बोस को देती थी।

4. नीरा और उसकी सहेलियाँ किस प्रकार जासूसी करती थीं?
उत्तर- नीरा और उसकी सहेलियाँ पुरुषों के भेष में जासूसी करती थीं। वे बहादुरी के साथ अंग्रेत अफसरों के घरों में काम करती थीं और जरूरी जानकारी नेता जी को भेजती थीं।

5. आजाद हिंद फौज की हार के बाद नीरा का क्या हुआ?
उत्तर- आजाद हिंद फौज की हार के बाद नीरा को अंग्रेज अफसरों द्वारा पकड़ लिया गया। पति की हत्या के जुर्म में उन्हें काले पानी की सजा हुई जहाँ उन्हें कठिन यातनाएँ दी गई। बाद में उन्हें मरा समझकर समुद्र में फेंक दिया गया। आजादी के बाद उन्होंने फूल बेचकर अपना जीवनयापन किया।

<u>व्याकरण</u>

लिंग

परिभाषा :- जिस शब्द से पुरुष या स्त्री जाति का बोध हो, उसे **<u>लिंग</u>** कहते हैं।

१) पुलिंग- पुरुष जाति के बोध कराने वाले शब्द पुल्लिंग कहलाते हैं।

जैसे- लड़का, आदमी, मोर, नौकर आदि।

२) स्त्रीलिंग- स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं।

जैसे- लड़की, औरत, मोरनी, नौकरानी आदि।

<u>वचन</u>-

परिभाषा :- शब्द के जिस रूप से एक या अनेक होने का बोध हो, उसे **<u>वचन</u>** कहते है।
जैसे - गुब्बारा-गुब्बारे
वचन के प्रकार वचन के दो प्रकार होते हैं-
क)एकवचन- जिस शब्द से उसके एक होने का पता चले उसे एकवचन कहते है।
जैसे- घोड़ा, खिलौना आदि।
ख)बहुवचन- जिस शब्द से उसके एक से अधिक होने का पता चले उसे बहुवचन कहते है।
जैसे- घोड़े, खिलौने आदि।